# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

E-Mail : rsuexam@gmail.com


क्रमांक 1093 परीक्षा / बी.व्होक/**ऑनलाईन** / सेमेस्टर / 2017 रायपुर दिनांक 16 / 11 / 2017

## // अधिसूचना //

**"बैचलर ऑफ व्होकेशन"** (बी.व्होक.) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (नियमित / एटीकेटी), द्वितीय (एटीकेटी) एवं चतुर्थ सेमेस्टर (नियमित) पाठ्यक्रम के Renewable Energy Technology – Management, under the National skills Qualificatins Framework की परीक्षा दिसंबर 2017 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए **ऑनलाईन** पद्धति द्वारा विश्वविद्यालय के वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** द्वारा परीक्षा आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा करने की तिथि निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाईन से परीक्षा आवेदन भरने की तिथि | **18 / 11 / 2017 से 25 / 11 / 2017 तक** |
| 2. | संबंधित संस्थान में परीक्षार्थियों द्वारा हार्डकापी एवं संलग्नकों के साथ आवेदन जमा करने की तिथि– | **28 / 11 / 2017 तक** |
| 3 | संबंधित संस्थान द्वारा –परीक्षार्थियों की जमा कराई गई हार्डकापी, गोसवारा, शुल्क विवरण सहित विश्वविद्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि – | **30 / 11 / 2017 तक** |

**परीक्षा शुल्क – नियमित** परीक्षार्थियों के लिए रू. **1020 / – , एटीकेटी** परीक्षार्थियों के लिए रू.**595 / –**

**टीप** :–1. उपरोक्त् निर्धारित तिथि के पश्चात सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

**परीक्षार्थियों के लिए ऑनलाईन द्वारा परीक्षा आवेदन भरने हेतु निर्देश:–** सेमेस्टर परीक्षा 2017–18 हेतु फार्म भरने का कार्य Student द्वारा विश्वविद्यालय की वेबसाईट **https://prsuonline.cg.nic.in** के माध्यम से किया जावेगा। फार्म भरने की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी:–

1. सबसे पहले वेबसाईट में दिये गये " Get Your User ID" विकल्प का प्रयोग करके " User ID" प्राप्त करेंगे।
2. तत्पश्चात् Student Login विकल्प पर क्लिक करके Login करेंगे। Login करने हेतु Password के रूप में पिछले परीक्षा का रोल नं. का प्रयोग करेंगे। यदि पूर्व में इसी वेबसाईट के माध्यम से Enrollment From भरने हेतु " User ID" प्राप्त किया जा चुका है,तो Login करने हेतु उसी " User ID" एवं Password का प्रयोग करेंगे।
3. Login करने के उपरांत Exam From विक्ल्प का प्रयोग करके फार्म भरेंगे और Online Fee Payment करेंगे।
4. Fee Payment के बाद Exam From कि दो कॉपी प्रिंट करके आवश्यक दस्तावेज के साथ अपने संबंधित अध्ययनशाला में जमा करेंगे।
5. फार्म भरने हेतु विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट पर दिये गये Exam User Manual का प्रयोग अवश्य करे।
6. यदि किसी भी प्रकार की समस्या ऑनलाईन फार्म भरने के समय आती हो,तो मोबाईल नं.–7489444468 पर अपनी समस्या का निदान कर सकते है अथवा वेबसाईट पर ऑनलाईन शिकायत दर्ज करें। जिसके लिए आप Login करके या वेबसाईट पर Register Your Complant से शिकायत दर्ज कर सकते है। अथवा ई–मेल द्वारा **prsumis@gmail.com** पर अपनी समस्या भेज कर समाधान कर सकते हैं।
7. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे तथा एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित अध्ययनशाला में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30 / – (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ अध्ययनशाला में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे।

**अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए आवश्यक टीप :–**

1. परीक्षार्थी ऑनलाईन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क एवं उपरोक्त बताये अनुसार प्रक्रिया पश्चात् अपनी हार्डकॉपी की दो कॉपी प्रिंट करके एक प्रति छात्र अपने पास रखेंगे तथा एक प्रति आवश्यक दस्तावेज के साथ संबंधित अध्ययनशाला में अग्रेषण शुल्क राशि रू.30 / – (रूपये तीस मात्र) प्रति छात्र के साथ अध्ययननशाला में अपनी हार्डकॉपी जमा करेंगे। जिसमें से रू. 15 / – (रूपये पन्द्रह मात्र) प्रति छात्र संबंधित अध्ययनशाला अपने पास रखेंगे तथा केन्द्राध्यक्ष की नियुक्ति हो जाने पर परीक्षा प्रारंभ होने के पूर्व संबंधित केन्द्राध्यक्ष के पास अनिवार्य रूप से जमा करेंगे। जिसका उपयोग वे परीक्षा के दौरान निर्धारित मद में व्यय करेंगे जिसका उल्लेख केन्द्राध्यक्षों को पूर्व में वार्षिक परीक्षा 2017 के समय उपलब्ध करायी गयी केन्द्राध्यक्षों को निर्देश पर उल्लेखित है।

क्रमशः..02

2. जिन परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र अग्रेषित किये जा रहे है उनकी कक्षा में उपस्थिति 75% होना अनिवार्य है। 75% से कम तथा 60% से अधिक उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र तभी अग्रेषित किये जावें जब उनकी उपस्थिति परीक्षा के पूर्व 75% हो जावेगी। 60% से कम उपस्थिति वाले परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र नियमानुसार अग्रेषित न किए जावें। इसी प्रकार जो परीक्षार्थी आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में शामिल न हुये हों उनके परीक्षा आवेदन भी अग्रेषित न किये जावें।
3. परीक्षा शुल्क/गोसवारा/नॉमिनल रोल वि. वि. के वेबसाईट– **www.prsu.ac.in** से डाउनलोड कर प्राप्त किया जा सकता है।
4. संबंधित अध्यादेश क्रमांक 188 के प्रावधानों के तहत पात्र परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन परीक्षण एवं प्रमाणित कर अग्रेषित करते हुए विश्वविद्यालय को निर्धारित तिथि तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5. अग्रेषण अधिकारी यह ध्यान देवें कि परीक्षार्थियों के पूर्व सेमेस्टर की समस्त अंकसूची अनिवार्य रूप से संलग्न कराकर ही आवेदन अग्रेषित करें।
6. यदि अग्रेषणकर्ता अधिकारी द्वारा किसी परीक्षार्थी की पात्रता न होने पर भी उसके ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की हार्डकापी वि0 वि0 को अग्रेषित किया जाता है एवं विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षणोपरांत उसका परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी अग्रेषणकर्ता अधिकारी की होगी।
7. परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई कुल परीक्षा शुल्क की राशि का विवरण, नामिनल रोल, गोसवारा परीक्षार्थियों द्वारा जमा की गई हार्ड कापी (संलग्नको) इत्यादि के साथ उपरोक्त तिथि तक दो प्रतियों में तैयार कर विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करेंगे। उपरोक्त तिथियों के पश्चात किसी भी स्थिति में हार्डकापी स्वीकार नहीं की जावेंगी।
8. उपरोक्त परीक्षाओं के लिए समय–सारणी बाद में घोषित की जायेगी।
9. उपरोक्त परीक्षाओं के लिए परीक्षा केन्द्र, वि0 वि0 अध्ययनशाला, पं.र.शु.वि.वि.,रायपुर होगा।

आदेशानुसार

वि.क.अ. (परीक्षा)

पृ. कमांक 1094 परीक्षा/बी.व्होक/**ऑनलाईन**/सेमेस्टर/2017 रायपुर दिनांक 16/11/2017

**प्रतिलिपि :–**

1– अध्यक्ष, संबंधित अध्ययनशाला को इस अनुरोध के साथ अग्रेषित् कि वे अग्रेषणकर्ता अधिकारी के लिए अधिसूचना मे जारी निर्देश का पालन करते हुए भलीभांति परीक्षण कर परीक्षार्थियों के पात्रता अनुसार संबंधित कक्षाओं के लिए भरे गये ऑनलाईन आवेदन की हार्ड कापी संलग्नकों सहित संबंधित सेमेस्टर परीक्षा के आवेदन उपरोक्त निर्धारित तिथि तक अग्रेषित करें।

2– उ0कु0स0, गोपनीय/उ0कु0स0, अकादमी/ उ0कु0स0, सा0प्रशा0/वित्त नियंत्रक/समायोजन प्रकोष्ठ ।

3– उ0कु0स0 विकास/प्रभारी वि0वि0 मुद्रणालय/वि.क.अ. नामांकन/प्रभारी कम्प्यूटर शाखा, गोपनीय/अधि0छात्र कल्याण।

4– प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, जयस्तंभ चौक, रायपुर/रविवि शाखा, रायपुर को इस निर्देश के साथ कि संबंधित जिलों के समस्त भारतीय स्टेट बैंक शाखा में वि.वि. के **खाता कमांक 10049590022** में परीक्षार्थियों द्वारा ऑनलाईन पद्धति में इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड द्वारा जमा कराई गई परीक्षा शुल्क राशि विश्वविद्यालय के उपरोक्त खाता में जमा किये जाने की व्यवस्था करावें।

5– प्रभारी, कम्प्यूटर अध्ययनशाला को इस निवेदन के साथ कि इस अधिसूचना को वि0 वि0 के वेबसाईट में अपलोड कराने की व्यवस्था करावें।

6– कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,पं0 रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित्।

7– संपादक समस्त स्थानीय समाचार–पत्र रायपुर को इस निवेदन के साथ अग्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र के आगामी अंक में छात्रहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।

वि.क.अ. (परीक्षा)

My Docu./Annul.Ex.17/ Annual Ex. Form date 17/B.Voc.1-2